रजिस्ट्री सं० डी-222 REGISTERED No. D-222

S.S
17.1.72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 50] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 11, 1971 (अग्रहायण 20, 1893)

No. 50] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 11, 1971 (AGRAHAYANA 20, 1893)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

नोटिस
(NOTICE)

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 8 फरवरी 1971 तक प्रकाशित किये गये हैं :

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to 8th February 1971 :—

अंक (Issue No.)	संख्या और तिथि (No. and Date)	द्वारा जारी किया गया (Issued by)	विषय (Subject)
1	2	3	4

शून्य
—NIL—

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी । मांग-पत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं ।

Copies of the *Gazette Extraordinary* mentioned above will be supplied on indent to the Manager of Publications, Civil Lines Delhi. Indents should be submitted so as to reach the manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	1019
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मन्त्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	1785
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	—
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	1443
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्टें	—
भाग II—खंड 3—उप-खंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)	4997
भाग II—खंड 3—उप-खंड (ii)—(रक्षा मन्त्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मन्त्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं	6371
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश	1021
भाग III—खंड 1—महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	1643
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिसें	451
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	183
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिसें शामिल हैं	2443
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिसें	231
पूरक संख्या 49—	
27 नवम्बर 1971 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी सम्बंधी साप्ताहिक रिपोर्ट	2067
6 नवम्बर 1971 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म तथा बड़ी बीमारियों से हुई मृत्यु सम्बन्धी आंकड़े	2077

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1019
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1785
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	1443
PART II—SECTION 1.—Arts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)	4997
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)	6371
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence	1021
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	1643
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta	451
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	183
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	2443
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	231
SUPPLEMENT No. 49—	
Weekly Epidemiological Reports for week ending 20th November 1971	2067
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week end 6th November 1971	2077

भाग I—खण्ड 1

(PART I—SECTION 1)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

मंत्रीमंडल सचिवालय

कार्मिक विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 11 सितम्बर, 1971

सं० 6/54/71-के० से० (1)—निम्नलिखित क्रमशः वर्ग 1 और वर्ग 2 के अन्तर्गत उल्लिखित सेवा/पदों, में निर्मुक्त आपात-कालीन कमीशन-प्राप्त/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों, जिन्हें 1 नवम्बर, 1962 के बाद लेकिन 10 जनवरी, 1968 के पूर्व सशस्त्र सेनाओं में कमीशन मिला था, और (2) भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्तियां को भरने के लिए उनके चयन हेतु सन् 1972 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के नियम सर्वसाधारण की सूचना के लिए प्रकाशित किए जा रहे हैं :—

वर्ग-1

श्रेणी-II की सेवाएं/पद

(i) भारतीय विदेश सेवा (ख) में (सहायक) का सामान्य काडर ग्रेड I

(ii) केन्द्रीय सचिवालय सेवा सहायक ग्रेड I

(iii) सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा सहायक ग्रेड, और

(iv) निर्वाचित आयोग के कार्यालय, दिल्ली, में सहायक के पद

(v) केन्द्रीय सतर्कता आयोग, के कार्यालय, दिल्ली, में सहायक के पद,

(vi) संसदीय कार्य विभाग, दिल्ली, में सहायक के पद,

(vii) पर्यटन विभाग, दिल्ली, में सहायक के पद, और

(viii) भारत सरकार के अन्य विभागों और सम्बद्ध कार्यालयों में जो भारतीय विदेश सेवा (ख)/केन्द्रीय सचिवालय सेवा/सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा में भाग नहीं लेते हैं, सहायक के पद।

वर्ग-2

श्रेणी-III सेवाएं/पद

(i) रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा-ग्रेड 1 (सहायक), और

(ii) अनुसंधान, रूपरेखा और मानक संगठन निदेशालय, लखनऊ, में सहायक के पद, और

(iii) भारत सरकार के अन्य विभागों और सम्बद्ध कार्यालयों में, जो रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा में भाग नहीं लेते हैं, सहायक के पद ।

नियम-2 के उपबन्धों के अधीन कोई उम्मीदवार उपर्युक्त किसी भी एक या अधिक सेवाओं/पदों के लिए प्रतियोगी हो सकता है । उम्मीदवार जिन सेवाओं/पदों के बारे में वह चाहता है कि उस पर विचार किया जावे, उनका उल्लेख अपने आवेदन पत्र में कर दें ।

टिप्पणी 1:—उम्मीदवारों से अपेक्षा की जाती है कि जितनी सेवाओं/पदों के लिए वे चाहते हैं कि उन पर विचार किया जाए उनके अधिमान क्रमों का अपने आवेदन पत्र में स्पष्ट उल्लेख करें । उनको यह भी परामर्श दिया जाता है कि वे जिन सेवाओं/पदों को चाहते हैं उनका भी उल्लेख करें, ताकि योग्यता क्रम से उनके क्रम को ध्यान में रखते हुए, नियुक्ति करते समय उनके अधिमान पर उचित रूप से ध्यान दिया जा सके ।

टिप्पणी 2:—उम्मीदवार ने अपने आवेदन पत्र में सेवाओं पदों के लिए जिस अधिमान क्रम का मूल रूप से उल्लेख किया है उसमें कोई बात जोड़ने या परिवर्तन करने के उस अनुरोध पर कोई विचार नहीं किया जाएगा जो 30 नवम्बर, 1972 को या इससे पहले संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में न पहुंच जाएगा ।

2. (क) आपात-कालीन आयुक्त/अल्पकालीन सेवा आयुक्त अधिकारी केवल वर्ग-1 में उल्लिखित श्रेणी-II के सेवाओं पदों में सहायकों के पदों में उनके लिए आरक्षित रिक्त स्थानों के लिए परीक्षा में प्रवेश के पात्र होंगे ।

(ख) भूतपूर्व सैनिक केवल वर्ग-II से उल्लिखित श्रेणी-III के सेवाओं/पदों में सहायकों के पदों में उनके लिए आरक्षित रिक्त स्थानों के लिए परीक्षा में प्रवेश पाने के पात्र होंगे।

3. परीक्षा के परिणाम के आधार पर भरे जाने वाले रिक्त स्थानों की संख्या आयोग द्वारा जारी किए गए नोटिस के अनुसार होगी ।

अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों के लिए उतने रिक्त स्थान आरक्षित किए जाएंगे जितने भारत सरकार निर्धारित करें ।

अनु० जा०/अनु० आदिम जातियों से अभिप्राय निम्नांकित में उल्लिखित जाति/आदिम जाति में से किसी एक से है; बम्बई पुनर्गठन अधिनियम 1960 तथा पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 के साथ पठित अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित आदिम जाति सूची (संशोधन) आदेश, 1956 द्वारा संशोधित संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950, संविधान (अनुसूचित जाति) भाग 'ग' राज्य आदेश, 1951, संविधान (अनु० जा०) आदेश, 1950 तथा संविधान अनु० आ० जाति (भाग 'ग' राज्य) आदेश, 1951 संविधान (जम्मू तथा काश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश, 1956, संविधान (अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1959, संविधान (दादरा व नागर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962, संविधान (दादर व नागर हवेली) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1962, संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जाति आदेश 1964, संविधान अनुसूचित आदिम जाति (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967, संविधान (गोआ, दमन व दियू) अनुसूचित जाति आदेश, 1968, संविधान (गोआ, दमन व दियू) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1968 तथा संविधान (नागालैंड) अनु० आ० जा० आदेश, 1970 ।

4. संघ लोक सेवा आयोग यह परीक्षा इन नियमों के परिशिष्ट-II में निर्धारित विधि से होगा ।

परीक्षा की तारीख और स्थान आयोग द्वारा निर्धारित किए जाएंगे ।

5. इन नियमों के उपबन्धों के अधीन —

(i) आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारी, जिन्हें पहली नवम्बर, 1962 के बाद लेकिन 10 जनवरी, 1968 से पूर्व कमीशन मिला था और इस अधिसूचना की तारीख से पहले सन् 1971 के दौरान निर्मुक्त किए गए हैं, या उसके बाद सन् 1971 की समाप्ति तक निर्मुक्त किए जाने हैं, इस परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे ।

(ii) अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारी, जिन्हें पहली नवम्बर, 1962 के बाद लेकिन 10 जनवरी, 1968 से पूर्व कमीशन मिला था और इस अधिसूचना की तारीख से पहले सन् 1972 के दौरान निर्मुक्त किए गए हैं या उसके बाद निर्मुक्त किए जाने हैं, इस परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे ।

टिप्पणी 1:— इन नियमों के प्रयोजन के लिए "निर्मुक्ति" का अभिप्राय:—

(i) निर्मुक्ति के निर्धारित वर्ष के अनुसार निर्मुक्ति,

(ii) सैनिक सेवा के कारण विकलांग होने या सैनिक सेवा द्वारा गम्भीर स्थिति होने के कारण अशक्त होने, और

सशस्त्र सेनाओं से निर्धारित अवधि को सेवा, के बाद निर्मुक्ति से है, और इसका अभिप्राय प्रशिक्षण के दौरान या इसके समाप्त होने के बाद या वास्तविक सेवा में लिए जाने के पूर्व ऐसे प्रशिक्षण की अवधि को सम्मिलित करने के लिए प्रदान किए गए अल्पकालीन सेवा कमीशन की अवधि में या इसके समाप्त होने के बाद निर्मुक्ति से नहीं हैं, और न ही इसके अन्तर्गत ऐसे अधिकारी आते हैं, जो कदाचार या अदक्षता या अपने निजी अनुरोध पर निर्मुक्त किए गए हैं ।

टिप्पणी 2:—"निर्मुक्ति के नियत वर्ष" अभिव्यक्ति का अभिप्राय—

(i) आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों के सम्बन्ध में उस वर्ष से है, जिसमें भारत सरकार रक्षा मंत्रालय द्वारा अनुमोदित प्रावस्था भाजित कार्यक्रम के अनुसार वे निर्मुक्त किए जाने हैं ।

(ii) अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों के सम्बन्ध में उस वर्ष से है जिसमें अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों के रूप में उनकी, यथास्थिति 3 या 5 वर्ष की सामान्य अवधि समाप्त होनी है ।

टिप्पणी 3:—यदि किसी व्यक्ति को, आवेदन पत्र भेजने के बाद, सशस्त्र सेवाओं में स्थायी आयुक्ति दे दी जाएगी, या वह सशस्त्र सेना से त्याग पत्र दे देगा, या दुर्व्यवहार, अकुशलता के कारण या अपने स्वयं के अनुरोध पर उसे सेवाओं से निर्मुक्त कर दिया जाएगा तो उसका उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी,

टिप्पणी 4:—केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों या सरकारी स्वामित्व वाले औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कार्य करने वाले इंजीनियर और डाक्टर को इस परीक्षा में बैठने के पात्र नहीं होंगे जिन्हें अनिवार्य सेवा योजना के अन्तर्गत निर्धारित अवधि के लिए सशस्त्र सेनाओं में सेवा करनी पड़ती है तथा जिन्हें इस प्रकार की सेवा के दौरान सम्बद्ध नियमों के अन्तर्गत अल्पकालीन सेवा कमीशन दे दिया जाता है ।

टिप्पणी 5:—सशस्त्र सेनाओं के वालंटियर रिजर्व फोर्सेज के अधिकारियों को, जिन्हें अस्थायी सेवा के लिए बुला लिए जाएं, इस परीक्षा में प्रवेश पाने का पात्र नहीं होंगे ।

6. इन नियमों के उपबन्धों के अधीन शर्तें पूरी करने वाले सभी भूतपूर्व सैनिक इस परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे ।

टिप्पणी:—इन नियमों के प्रयोजन के लिए "भूतपूर्व सैनिक" का अभिप्राय उस व्यक्ति से है जो संघ की सशस्त्र सेनाओं में किसी पद पर (चाहे लड़ाकू के रूप में या अन्य प्रकार से) छह महीने से अन्यून निरन्तर सेवा कर चुका हो, और

(i) कदाचार या अदक्षता के कारण अपदस्थ या सेवोन्मुक्त न होकर निर्मुक्त हुआ हो या ऐसी निर्मुक्ति निलम्बित होने तक आरक्षित सेना में स्थानान्तरित कर दिया गया हो, या

(ii) जिसे निर्मुक्ति की पात्रता के लिए अपेक्षित सेवा की अवधि समाप्त करने के लिए छह महीने से अनधिक सेवा करनी हो या ऐसी निर्मुक्ति निलम्बित होने तक आरक्षित सेवा में स्थानान्तरित कर दिया गया हो ।

स्पष्टीकरण :—इन नियमों के प्रयोजन के लिए "संघ की सशस्त्र सेनाओं" का अभिप्राय संघ की नौसेना, सेना या वायु सेनाओं से है जिसमें भूतपूर्व भारतीय राज्यों की सशस्त्र सेनाएं भी सम्मिलित हैं ।

7. (1) उम्मीदवार या तो—

(क) भारत का नागरिक हो, या

[(ख) सिक्किम की प्रजा, या

[(ग) नेपाल की प्रजा, या

(घ) भूटान की प्रजा, या

(ङ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से पहली जनवरी, 1962 से पहले भारत आ गया हो, या

(च) कोई भारत मूलक व्यक्ति जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से पाकिस्तान, बर्मा, लंका तथा पूर्वी अफ्रीका के केनिया, उगांडा तथा [तंजानियां संयुक्तराष्ट्र राज्य (भूतपूर्वतगानिका तथा जंजीबार) देशों से आया हो ।

परन्तु ऊपर की (ग), (घ), (ङ) और (च) कोटियों के अन्तर्गत आने वाले उम्मीदवार के पास भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता प्रमाण पत्र होना चाहिए ।

परन्तु यह और भी कि ऊपर की (ग), (घ) और (ङ) कोटियों के अन्तर्गत आने वाले उम्मीदवार भारतीय विदेश सेवा (ख) के सामान्य काडर (सहायक) के ग्रेड - 4 में नियुक्त के लिए पात्र नहीं होंगे ।

(2) परीक्षा में उस उम्मीदवार को भी बैठने दिया जा सकता है जिसके लिए पात्रता प्रमाण पत्र आवश्यक हो और उसे सरकार द्वारा आवश्यक प्रमाण पत्र दिए जाने के अधीन अनन्तिम (प्राविजनल) रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है ।

8. (क) आपातकालीन आयुक्त/अल्पकालीन सेवा आयुक्त अधिकारी, जो उपर्युक्त 5 के अनुसार परीक्षा में प्रवेश पाना चाहता है तो यह आवश्यक है कि सशस्त्र सेनाओं में कमीशन पूर्व का प्रशिक्षण प्रारम्भ करने या कमीशन पाने (जब केवल कमीशन पाने के बाद प्रशिक्षण प्रारम्भ करना पड़ता था) वाली वर्ष की पहली जनवरी को उसकी आयु पूरे 24 वर्ष न हुई हो,

शर्त यह है कि निम्नलिखित नियम 9(ख) में उल्लिखित विधि अनुसार इस परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार की उपर्युक्त तारीख को निम्नलिखित आयु न हुई हो :—

(i) 24 वर्ष, जबकि सशस्त्र सेनाओं में जाने पर अपना शैक्षिक अध्ययन छोड़ने के कारण कमीशन पूर्व का प्रशिक्षण प्रारम्भ करने या कमीशन पाने वाले वर्ष के (जब केवल कमीशन पाने के बाद प्रशिक्षण प्रारम्भ किया जाता था) अगले वर्ष में निम्नलिखित नियम 9(क) के अन्तर्गत निर्धारित किसी योग्यता की प्राप्ति के लिए किसी परीक्षा में न बैठ सका हो,

(ii) 23 वर्ष, जबकि सशस्त्र सेनाओं में जाने पर अपना शैक्षिक अध्ययन छोड़ने के कारण कमीशन पूर्व का प्रशिक्षण प्रारम्भ करने या कमीशन पाने वाले वर्ष के (जब केवल कमीशन पाने के बाद प्रशिक्षण प्रारम्भ करना पड़ता था) अगले वर्ष में निम्नलिखित नियम 9 (क) के अन्तर्गत निर्धारित किसी योग्यता की प्राप्ति के लिए किसी परीक्षा में न बैठ सका हो ।

(iii) 22 वर्ष, जबकि सशस्त्र सेनाओं में जाने पर अपना शैक्षिक अध्ययन छोड़ने के कारण कमीशन पूर्व का प्रशिक्षण प्रारम्भ करने या कमीशन पाने वाले वर्ष के (जब केवल कमीशन पाने के बाद प्रशिक्षण प्रारम्भ करना पड़ता था) अगले वर्ष के दूसरे वर्ष में निम्नलिखित नियम 9(क) के अन्तर्गत निर्धारित किसी योग्यता की प्राप्ति के लिए किसी परीक्षा में न बैठ सका हो ।

(iV) 21 वर्ष, जबकि सशस्त्र सेनाओं में जाने पर अपना शैक्षिक अध्ययन छोड़ने के कारण कमीशन पूर्व का प्रशिक्षण प्रारम्भ करने या कमीशन पाने वाले वर्ष के (जब केवल कमीशन पाने के बाद प्रशिक्षण प्रारम्भ करना पड़ता था) अगले वर्ष के तीसरे वर्ष में निम्नलिखित नियम 9 (क) के अन्तर्गत निर्धारित किसी योग्यता की प्राप्ति के लिए किसी परीक्षा में न बैठ सका हो ।

(V) 20 वर्ष, जबकि सशस्त्र सेनाओं में जाने पर अपना शैक्षिक अध्ययन छोड़ने के कारण कमीशन पूर्व का प्रशिक्षण प्रारम्भ करने या कमीशन पाने वाले वर्ष के (जब केवल कमीशन पाने के बाद प्रशिक्षण प्रारम्भ करना पड़ता था) अगले वर्ष के चौथे वर्ष में निम्नलिखित नियम 9(क) के अन्तर्गत निर्धारित किसी योग्यता की प्राप्ति के लिए किसी परीक्षा में न बैठ सका हो ।

(vi) 19 वर्ष, जबकि सशस्त्र सेनाओं में जाने पर अथवा शैक्षिक अध्ययन छोड़ने के कारण कमीशन पूर्व का प्रशिक्षण प्रारम्भ करना या कमीशन पाने वाले वर्ष के (जब केवल कमीशन पाने के बाद प्रशिक्षण प्रारम्भ करना पड़ता था) अगले वर्ष के पांचप वर्ष में निम्नलिखित नियम 9(क) के अन्तर्गत निर्धारित किसी योग्यता की प्राप्ति के लिए किसी परीक्षा में न बैठ सका हो ।

(ख) कोई भूतपूर्व सैनिक, जो उपर्युक्त नियम 6 के अनुसार परीक्षा में प्रवेश चाहता है तो यह आवश्यक है कि पहली जनवरी, 1972 को उसकी आयु 20 वर्ष हो गयी हो तथा सशस्त्र सेना में कुल सेवा तीन वर्ष जोड़ कर भी 24 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए ।

टिप्पणी :—किसी भूतपूर्व सैनिक की सशस्त्र सेनाओं में "आह्वान पर सेवा" भी उपर्युक्त नियम 8(ख) के लिए सशस्त्र सेनाओं में की गई सेवा समझी जाएगी ।

(ग) उपर्युक्त सभी मामलों में ऊपरी आयु सीमा और भी छूट के योग्य होगी :—

(i) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का हो तो अधिक से अधिक पांच वर्ष,

(ii) यदि उम्मीदवार 1 जनवरी, 1964 को या उसके बाद पूर्वी पाकिस्तान से भारत में आया वास्तव में विस्थापित व्यक्ति हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक,

(iii) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का हो, और 1 जनवरी, 1964 को या उसके बाद पूर्वी पाकिस्तान से भारत में आया वास्तव में विस्थापित व्यक्ति हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष तक ,

(iv) यदि उम्मीदवार भारत श्रीलंका समझौता अक्तूबर, 1964 के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद श्रीलंका से वास्तव में प्रत्यावर्तित होकर भारत में आया हुआ भारतीय वंशज हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक,

(v) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का हो और भारत श्रीलंका समझौता अक्तूबर 1969 के अधीन 1 नवम्बर 1964 को या उसके बाद श्रीलंका से वास्तव में प्रत्यावर्तित होकर भारत में आया हुआ भारतीय वंशज हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष तक,

(vi) यदि उम्मीदवार गोआ, दमन और दियू संघ राज्य क्षेत्र का निवासी हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक,

(vii) यदि उम्मीदवार केनिया, उगांडा और संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व तंजानिया तथा जंजीबार) से आया हुआ भारती वंशज हो, तो अधिक से अधिक तीन वर्ष,

(viii) यदि उम्मीदवार 1 जून 1969 को या उसके बाद वास्तव में बर्मा से प्रत्यावर्तित हुआ भारतीय वंशज हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक,

(ix) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का हो और 1 जून 1963 को या उसके बाद वास्तव में बर्मा से प्रत्यावर्तित हुआ भारतीय वंशज हो, तो अधिक से अधिक आठ वर्ष तक,

(x) यदि उम्मीदवार रक्षा सेवाओं का सैनिक अन्य देश युद्ध में या किसी आक्रान्त क्षेत्र में अशक्त हुआ हो और उसके परिणामस्वरूप निर्मुक्त किया गया हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक,

(xi) यदि उम्मीदवार रक्षा सेवाओं का सैनिक अन्य देश के साथ युद्ध में या किसी आक्रान्तर क्षेत्र में अशक्त हुआ हो और उसके परिणामस्वरूप निर्मुक्त किया गया हो और अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष तक, और

(xii) यदि उम्मीदवार संघ राज्य क्षेत्र पांडिचेरी का निवासी हो और किसी स्तर तक फ्रेन्च भाषा के माध्यम से शिक्षा प्राप्त की हो तो अधिक से अधिक पांच वर्ष तक ।

(घ) उपर्युक्त उप-पैरा (क) में उल्लिखित निर्धारित आयु सीमा में भी छूट दी जाएगी :—

(i) यदि उम्मीदवार पाकिस्तान से आया वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो, और सशस्त्र सेनाओं में 1963 में कमीशन पूर्व का प्रशिक्षण प्रारंभ किया हो या कमीशन दे दिया गया हो (जिन मामलों में कमीशन के बाद का प्रशिक्षण रहा हो) तो तीन वर्ष,

(ii) यदि उम्मीदवार पाकिस्तान से आया वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और साथ ही अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित आदिम जाति का हो और 1963 में सशस्त्र सेनाओं में कमीशन पूर्व का प्रशिक्षण प्रारंभ किया हो या कमीशन दे दिया गया हो (जिन मामलों के कमीशन के बाद का प्रशिक्षण रहा हो) तो आठ वर्ष,

(iii) यदि उम्मीदवार अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह का निवासी है और 1963 या 1964 या 1965 में सशस्त्र सेनाओं में कमीशन पूर्व का प्रशिक्षण प्रारम्भ किया हो कमीशन दे दिया गया हो (जिन मामलों में कमीशन के बाद का प्रशिक्षण रहा हो), तो चार वर्ष, और

(iv) यदि उम्मीदवार श्रीलंका से प्रत्यावर्तित होकर भारत में आया हुआ भारतीय नागरिक हो और 1963 या 1964 या 1965 में सशस्त्र सेनाओं में कमीशन पूर्व का प्रशिक्षण प्रारम्भ किया हो या कमीशन दे दिया गया हो (जिन मामलों में कमीशन के बाद का प्रशिक्षण रहा हो), तो तीन वर्ष ।

टिप्पणी 1 :—नियम (घ) (i) तथा 8(घ) (ii) में विहित उपबन्ध, नियम 8(क) के परन्तुक में क्रम संख्या (ii), (iii), (iv), (v) तथा (vi) पर उल्लिखित उम्मीदवारों के लिए लागू नहीं होंगे ।

टिप्पणी 2 :—नियम 8(घ) (iii) तथा 8(घ)(iv) में विहित उपबन्ध, नियम 8(क) के परन्तुक में क्रम संख्या (iii), (iv), (v), तथा (vi) पर उल्लिखित उन उम्मीदवारों के लिए लागू नहीं होंगे जिसने 1963 के बाद कमीशन पूर्व का प्रशिक्षण प्रारम्भ किया हो या जिसे कमीशन दे दिया गया हो (जिन मामलों में कमीशन के बाद का प्रशिक्षण रहा हो), ।

नियम 8(घ)(iii) तथा 8(घ) (iv) में विहित उपबन्ध, नियम 8(क) के परन्तुक में क्रम संख्या (ii) पर उल्लिखित उन उम्मीदवारों के लिए लागू नहीं होंगे, जिसने 1964 के बाद कमीशन पूर्व का प्रशिक्षण प्रारम्भ किया हो या जिसे कमीशन दे दिया गया हो (जिन मामलों में कमीशन के बाद का प्रशिक्षण रहा हो)।

उपर्युक्त परिस्थितियों को छोड़कर निर्धारित आयु सीमा में किसी में छूट नहीं दी जाएगी।

9(क) उपर्युक्त नियम 5 के अनुसार आपातकालीन आयुक्त/अलपकालीन सेवा आयुक्त अधिकारियों को परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए उम्मीदवार के पास परिशिष्ट–1 में उल्लिखित किसी भी विश्वविद्यालय की डिग्री होनी चाहिए, या उसने परिशिष्ट 1-क में उल्लिखित योग्यताओं में से कोई योग्यता होनी चाहिए ।

बशर्ते कि—

(i) विशेष परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग ऐसे किसी उम्मीदवार को भी परीक्षा में प्रवेश का पात्र मान सकता है जिसके पास उपर्युक्त योग्यताओं में से कोई भी योग्यता न हो बशर्ते कि उस उम्मीदवार ने अन्य संस्थाओं द्वारा संचालित कोई ऐसी परीक्षा पास की हो जिसके स्तर को देखते हुए आयोग उसको परीक्षा में प्रवेश देना उचित समझें ।

(ii) यदि कोई उम्मीदवार अन्यथा परीक्षा में प्रवेश का पात्र हो किन्तु उसने ऐसे विदेशी विश्वविद्यालय से उपाधि ली हो जो परिशिष्ट-1 में सम्मिलित न हो तो वह भी आयोग को आवेदन कर सकता है और आयोग, यदि उचित समझे तो, उसे परीक्षा में प्रवेश दे सकता है ।

टिप्पणी :—यदि कोई उम्मीदवार किसी ऐसी परीक्षा में बैठ चुका हो जिसमें पास होने पर वह इस नियम के उपनियम (क) के अनुसार इस परीक्षा में बैठ सकता है लेकिन जिसके परिणाम की सूचना उसे अभी तक नहीं मिली हो, तो ऐसी स्थिति में वह परीक्षा में बैठने के लिए आवेदन पत्र भेज सकता है । जो उम्मीदवार किसी अर्हक परीक्षा में बैठना चाहता हो, वह भी आवेदन पत्र दे सकता है, बशर्ते कि वह अर्हक परीक्षा इस परीक्षा के शुरू होने से पहले समाप्त हो जाय । ऐसे उम्मीदवार यदि अन्य सभी दृष्टियों से योग्य हों तो उन्हें परीक्षा में बैठने दिया जाएगा, लेकिन परीक्षा में बैठने की ऐसी अनुमति अनन्तिम मानी जाएगी, और यदि वे उक्त परीक्षा के पास करने का प्रमाण जल्दी से जल्दी, और हर हालत में इस परीक्षा के शुरू होने की तारीख से अधिक से अधिक दो महीने के अन्दर, प्रस्तुत नहीं करते तो यह अनुमति रद्द कर दी जा सकती है ।

(ख) यदि कोई उम्मीदवार, जो सशस्त्र सेनाओं में आपात कालीन आयुक्त/अल्पकालीन सेवा आयुक्त के लिए उम्मीदवार की हैसियत से सेवाओं के प्रवरण बोर्ड के समक्ष उपस्थित होने के दौरान किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय, अर्थात् विश्वविद्यालय। इस नियम के उपनियम (क) में निधारित किसी योग्यता के लिए विश्वविद्यालय से समबद्ध विद्यालय, में शैक्षिक अध्ययन कर रहा हो, किन्तु सशस्त्र सेनाओं में जाने के कारण शैक्षिक अध्ययन छोड़ने के कारण कोई अर्हता प्राप्त नहीं कर सका हो तो वह भी इस परीक्षा में बैठने का पात्र होगा।

(ग) यदि कोई भूतपूर्व सैनिक उपर्युक्त नियम 6 के अनुसार इस परीक्षा में प्रवेश चाहता है, तो उसके पास परिशिष्ट-1 में सम्मिलित किसी विश्वविद्यालय की डिग्री होनी चाहिए या परिशिष्ट 1-क में उल्लिखित कोई योग्यताओं में से कोई योग्यता होनी चाहिए ।

नोट 1 :—यदि कोई उम्मीदवार किसी ऐसी परीक्षा में बैठ चुका हो जिसमें पास होने पर वह इस परीक्षा में बैठ सकता है लेकिन जिसके परिणाम की सूचना उसे अभी तक नहीं मिली हो, तो ऐसी स्थिति में वह इस परीक्षा में बैठने के लिए आवेदन पत्र भेज सकता है । जो उम्मीदवार उक्त किसी अर्हक

(क्वालीफाइंग) परीक्षा में बैठना चाहता हो, वह भी आवेदन पत्र दे सकता है, बशर्ते कि वह अर्हक परीक्षा इस परीक्षा के शुरू होने से पहले समाप्त हो जाए। ऐसे उम्मीदवार यदि अन्य सभी दृष्टियों से योग्य हों तो उन्हें परीक्षा में बैठने दिया जाएगा, लेकिन परीक्षा में बैठने की ऐसी अनुमति अनन्तिम (प्रोविजनल) मानी जाएगी, और यदि वे उक्त परीक्षा के पास करने का प्रमाण जल्दी से जल्दी, और हर हालत में इस परीक्षा के शुरू होने की तारीख से अधिक से अधिक दो महीने के अन्दर, प्रस्तुत नहीं करते तो यह अनुमति रद्द कर दी जा सकती है।

नोट 2 :—विशेष मामलों में, संघ लोक सेवा आयोग ऐसे किसी भी उम्मीदवार को, जिसमें कोई भी उपर्युक्त अर्हताएं न हों, शैक्षिक दृष्टि से योग्य मान सकता है, बशर्ते कि उसने अन्य संस्थाओं में से किसी के द्वारा ली गई कोई ऐसी परीक्षा पास कर ली हो जिसका स्तर आयोग के मतानुसार ऐसा हो कि उस के आधार पर उम्मीदवार को उक्त परीक्षा में प्रवेश दिया जा सकता है।

नोट 3 :—जो उम्मीदवार अन्य सभी दृष्टियों से योग्य हों, पर जिन्होंने ऐसे विदेशी विश्वविद्यालयों से डिग्रियां ली हों, जिन्हें परिशिष्ट-1 में शामिल नहीं किया गया हो, वे भी आयोग को अपना आवेदन पत्र भेज सकते हैं, और आयोग चाहे तो उन्हें भी परीक्षा में बैठने की अनुमति दे सकता है।

10. किसी उम्मीदवार को परीक्षाओं में बैठने के लिए दो बार से अधिक बार बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी, यह प्रतिबन्ध 1971 में होने वाली परीक्षा से गणन किया जाएगा।

11. नियम 5 के अधीन प्रवेश पाने वाले किसी उम्मीदवार को अपनी निर्मुक्ति के वर्ष में और अपनी निर्मुक्ति के वर्ष से अगले वर्ष में ली जाने वाली परीक्षा में क्रमशः अपने पहले और दूसरे अवसरों के रूप में अवश्य बैठना चाहिए।

12. नियम 11 में विहित किसी बात के बावजूद—

(i) सन् 1971 के पूर्व निर्मुक्त कोई आपात-कालीन कमीशन प्राप्त/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारी सन् 1972 में ली जाने वाली परीक्षा में अपने दूसरे अवसर के रूप में बैठ सकता है, और

(ii) यदि कोई आपात कालीन कमीशन प्राप्त/अल्पकालीन सेवा कमीशन-प्राप्त अधिकारी, सन् 1971 की परीक्षा के लिए आवेदन पत्र लिए जाने की निर्धारित तारीख समाप्त होने के बाद सैनिक सेवा के कारण विकलांग होने या सैनिक सेवा द्वारा गंभीर स्थिति होने के कारण अशक्त हो गया हो तो सन् 1972 में ली जाने वाली परीक्षा में अपने पहले अवसर के रूप में बैठ सकता है।

टिप्पणी—उपर्युक्त खण्ड (ii) में विहित उपबन्ध उन आपात-कालीन कमीशन-प्राप्त/अल्पकालीन सेवा कमीशन-प्राप्त अधिकारियों के लिए लागू नहीं होगा जो सन् 1971 में निर्मुक्त किए जाने थे।

13. ऐसा कोई भी व्यक्ति—

(i) जिसने किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो या विवाह का विधितः समझौता किया हो जिसकी पत्नी/पति जीवित हो, अथवा

(ii) जिसने अपनी पत्नी/पति के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया हो या विवाह का विधितः समझौता किया हो,

उक्त पद पर नियुक्ति के योग्य नहीं होगा।

बशर्ते कि केन्द्रीय सरकार यदि इस बात से आश्वस्त हो कि ऐसे व्यक्ति पर और विवाह करने वाले दूसरे पक्ष पर लागू होने वाले व्यक्तिगत नियमों के अन्तर्गत इस तरह के विवाह की अनुमति दी जा सकती है, और ऐसा करने के दूसरे आधार भी हों तो वह किसी भी व्यक्ति को इस नियम बन्धन से छूट दे सकती है।

14. सशस्त्र सेनाओं के कर्मचारी उम्मीदवार को इस परीक्षा के लिए अपना आवेदन पत्र संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में भेजने के लिए अपनी यूनिट के कमांडिंग आफिसर को प्रस्तुत करना चाहिए।

जो उम्मीदवार पहले से ही सरकारी सेवा में हो, उसे परीक्षा में बैठने से पहले विभाग-अध्यक्ष की अनुमति अवश्य ले लेनी चाहिए।

15. उम्मीदवार को मानसिक और शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ होना चाहिए, और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए जिससे वह सम्बन्धित सेवा के अधिकारी के रूप में अपने कर्तव्यों का दक्षता पूर्वक पालन न कर सके। यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा विहित डाक्टरी परीक्षा के बाद किसी उम्मीदवार के बारे में यह ज्ञात हो कि वह इन आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर सकता है तो उसकी नियुक्ति नहीं की जाएगी। केवल उन्हीं उम्मीदवारों की डाक्टरी परीक्षा ली जाएगी जिनकी नियुक्ति पर विचार किए जाने की सम्भावना हो।

टिप्पणी :—रक्षा सेवाओं के विकलांग कर्मचारियों के सम्बन्ध में रक्षा सेवाओं के मैन्य मिघटन मेडीकल बोर्ड द्वारा दिया गया स्वास्थ्यता का प्रमाण पत्र नियुक्ति के लिए पर्याप्त माना जाएगा।

16. परीक्षा में पास हो जाने से नियुक्ति का अधिकार तब तक नहीं मिलता जब तक कि सरकार आवश्यक जांच के बाद संतुष्ट न हो जाए कि उम्मीदवार इस सेवा में पद पर नियुक्ति के लिए हर प्रकार से योग्य है।

17. परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के बारे में आयोग का निर्णय अंतिम होगा।

18. किसी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जाएगा जब तक कि उसके पास आयोग का प्रवेश पत्र (सर्टिफिकेट आफ एडमीशन) न हो।

19. यदि कोई उम्मीदवार किसी और प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त करने की कोई कोशिश करेगा तो उसे परीक्षा में बैठने के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है।

20. यदि कोई उम्मीदवार इस बात का दोषी हो या आयोग द्वारा इस बात का दोषी ठहराया गया हो कि उसने किसी दूसरे व्यक्ति से अपनी परीक्षा दिलवाई है या जाली प्रमाण पत्र आदि पेश किए हैं या ऐसे प्रमाण पत्र पेश किए हैं जिनमें कोई हेरफेर किया गया है या कोई ऐसी बात लिखी है जो गलत है या झूठी है या कोई प्रमुख तथ्य छिपाया गया है या परीक्षा में बैठने के लिए किसी और अनियमित या अनुचित तरीके से काम लिया है या परीक्षा भवन में अनुचित तरीकों से काम लिया है या काम लेने की कोशिश की है या परीक्षा भवन में अनुचित आचरण किया है तो उसे दांडिक अभियोजित (क्रिमिनल प्रोसीक्यूशन) किए जाने के अतिरिक्त —

(क) उसे हमेशा के लिए या किसी विशेष अवधि के लिए :—

(i) आयोग द्वारा उम्मीदवारों के चुनाव के लिए ली जाने वाली किसी भी परीक्षा या इन्टर-व्यू में शामिल होने से आयोग रोक सकता है, और

(ii) केन्द्रीय सरकार, सरकारी नौकरी करने से रोक सकती है।

(ख) यदि वह पहले से ही सरकारी नौकरी में हो, तो उपर्युक्त नियमों के अधीन उसके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है।

21. परीक्षा के बाद :—

(क) वर्ग—1 में सम्मिलित सेवाओं/पदों के लिए प्रतियोगिता परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों को अन्तिम रूप से दिए गए कुल अंकों के आधार पर आयोग उम्मीदवारों की गुणानुक्रम से सूची बनाएगा उसी क्रम से परीक्षा के परिणामों के आधार पर अर्हक उम्मीदवारों की आयोग नियुक्ति के लिए सिफारिश करेगा,

(ख) वर्ग 2 में सम्मिलित सेवाओं/पदों के लिए प्रतियोगिता परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों को अन्तिम रूप से दिए गए कुछ अंकों के आधार पर आयोग उम्मीदवारों की गुणानुक्रम में सूची बनाएगी, और उसी क्रम से परीक्षा के परिणामों के आधार पर भरे जाने के लिए निश्चित रिक्त स्थानों की संख्या के अनुसार जिस उम्मीदवारों को परीक्षा द्वारा अर्हता प्राप्त देखेगा, उनकी नियुक्ति के लिए सिफारिश करेगा,

परन्तु यदि समान्य स्तर से अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या तक अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवार नहीं भरे जा सकते हों तो आरक्षित कोटा में कमी पूरी करने के लिए आयोग द्वारा स्तर में छूट देकर, चाहे परीक्षा के योग्यता क्रम में उनका कोई भी स्थान क्यों न हो, नियुक्ति के लिए सिफारिश किए जा सकेंगे, बशर्ते कि ये उम्मीदवार इस सेवा/पदों पर नियुक्ति के लिए उपयुक्त हों।

22. (क) यदि परीक्षा के परिणाम के आधार पर वर्ग 1 की सेवाओं/पदों में नियुक्त आपातकालीन आयुक्त/अल्पकालीन सेवा आयुक्त अधिकारियों और वर्ग 2 के सेवाओं/पदों में भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्त स्थानों को भरने के लिए अर्हता प्राप्त उम्मीदवार उपलब्ध न हों, तो न भरे गए रिक्त स्थान इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा निर्धारित विधि से भरे जाएंगे।

(ख) यदि सफल हुए उम्मीदवारों की संख्या निर्मुक्त आपातकालीन कमीशन-प्राप्त/अल्पकालीन सेवा कमीशन-प्राप्त अधिकारियों के लिए आरक्षित रिक्तियों से अधिक हों तो उन उम्मीदवारों के नाम, जो नियुक्त नहीं किए जा सकेंगे, उस वर्ष से अगले वर्ष/वर्षों में उनके लिए आरक्षित रिक्तियों के कोटा में नियुक्ति के लिए प्रतीक्षा-सूची में रखे जाएंगे।

23. प्रत्येक उम्मीदवार को परीक्षाफल की सूचना किस रूप में और किस प्रकार दी जाय, इसका निर्णय आयोग स्वयं करेगा और आयोग उनसे परीक्षाफल के बारे में कोई पत्र व्यवहार नहीं करेगा।

24. परीक्षा के परिणाम के आधार पर नियुक्तियों के समय उम्मीदवार द्वारा आवेदन पत्र भरते समय वर्ग (नियम 1 का संदर्भ) में सम्मिलित विभिन्न सेवाओं/पदों के लिए, जिसके सम्बन्ध में उसे परीक्षा में प्रवेश दिया गया था, बताई गई प्राथमिकताओं का समुचित ध्यान दिया जाएगा।

25. नियुक्तियां दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर की जाएंगी। यदि आवश्यक समझा गया तो परिवीक्षा अवधि बढ़ाई जा सकेगी।

26. उम्मीदवारों को सहायक ग्रेड में उनकी नियुक्ति की तारीख से दो वर्ष के भीतर कम से कम 30 शब्द प्रति मिनट की गति से सचिवालय प्रशिक्षण स्कूल द्वारा ली जाने वाली टाइपिंग परीक्षा पास करनी होगी। यदि वे नियत अवधि के भीतर परीक्षा पास न कर सकें तो वे सहायक ग्रेड में आगे वेतन वृद्धि पाने के तब तक अधिकारी न होंगे जब तक कि वे उक्त परीक्षा पास न करलें या उन्हें किसी विशेष या सामान्य आदेश के अधीन ऐसी परीक्षा पास करने की आवश्यकता से छूट न दी जाय और परीक्षा पास कर लेने पर या उसके छूट मिल जाने पर उनका वेतन यह मान कर फिर से

इस प्रकार नियत किया जाएगा कि उनकी वेतन वृद्धि रोकी ही नहीं गई थी, परन्तु जितनी अवधि के लिए वेतन वृद्धि रोकी गई थी उस अवधि का बकाया वेतन उन्हें नहीं दिया जाएगा ।

27. केन्द्रीय सचिवालय सेवा, भारतीय विदेश सेवा (बी), रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा, सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा में सहायकों और भारत के चुनाव आयोग तथा पर्यटन विभाग में सहायकों के पदों की सेवा की शर्तें परिशिष्ट-3 में संक्षेप में दी गई है ।

एम० के० वासुदेवन,
अवर सचिव

परिशिष्ट I

भारत सरकार द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालयों की सूची

(देखिए नियम 9)

भारतीय विश्वविद्यालय :

कोई भी ऐसा विश्वविद्यालय जो भारत के केन्द्रीय या राज्य विधान मण्डल के अधिनियम से नियमित किया गया हो या अन्य शिक्षा संस्थान जो संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित किए गए हों, अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अन्तर्गत विश्वविद्यालयों के रूप में मान्य घोषित किए गए हों ।

बर्मा के विश्व विद्यालय :

रंगून विश्वविद्यालय
मांडले विश्वविद्यालय

इंगलैंड और वेल्स के विश्वविद्यालय :

बर्मिघम, ब्रिस्टल, कैम्ब्रिज, डर्हम, लीड्स, लिवरपूल, लंदन मैनचरस्टर, आक्सफोर्ड, रीडिंग, शेफील्ड और वेल्स के विश्वविद्यालय

स्काटलैंड के विश्व विद्यालय :

एबरडीन, एडिनबरा, ग्लासगो और सेन्ट एन्ड्रस विश्वविद्यालय

आयरलैंड के विश्व विद्यालय :

डबलिन विश्वविद्यालय (ट्रिनिटी कालेज) नेशनल यूनिवर्सिटी आफ आयरलैंड, दि क्वीन्स यूनिवर्सिटी, बेलफास्ट ।

पाकिस्तान के विश्व विद्यालय :

पंजाब विश्वविद्यालय, ढाका विश्वविद्यालय, सिंध विश्वविद्यालय, और राजशाही विश्वविद्यालय ।

नेपाल के विश्वविद्यालय :

त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमाण्डू ।

परिशिष्ट 1-क

परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए मान्यता-प्राप्त योग्यताएं

(देखिए नियम 9)

1. गुरुकुल विश्वविद्यालय, कांगड़ी, हरिद्वार की "अलंकार पदवी"
2. काशी विद्यापीठ, वाराणसी का "शास्त्री"
3. फ्रांसिसी परीक्षा "प्रापेदलीक" (Propedentique)
4. उच्च ग्राम शिक्षा की राष्ट्रीय परिषद के ग्राम सेवाओं में डिप्लोमा ।
5. विश्वभारतीय विश्वविद्यालय का ग्राम सेवा डिप्लोमा ।
6. अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद का वाणिज्य में डिप्लोमा ।
7. केन्द्र सरकार के अधीन उच्च सेवाओं और पदों की भर्ती के लिए सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद का इंजीनियरी अथवा प्रौद्योगिकी में राष्ट्रीय डिप्लोमा ।
8. भारतीय खान विद्यालय धनबाद की खनन इंजीनियरी में डिप्लोमा ।
9. श्री अरविंद अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा केन्द्र पाण्डिचेरी का "उच्चतर पाठ्यक्रम" यदिपूर्ण छात्र (फुल स्टूडेंट) के रूप में यह पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया हो ।
10. शास्त्री (अंग्रेजी सहित) या पुराना शास्त्री या सम्पूर्ण शास्त्री परीक्षा जिसमें अंग्रेजी एक विषय सहित अतिरिक्त विषयों में विशेष परीक्षा हो, अर्थात् वाराणसी संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी का वरिष्ठ शास्त्री ।
11. मानवशास्त्र एवं प्राकृतिक विज्ञान के क्षेत्र में रूस के किसी उच्च शिक्षण संस्थान का समकक्ष स्नातक डिप्लोमा बिना प्रथम वैज्ञानिक निबन्ध के परन्तु राज्य परीक्षाएं की गई हों ।

परिशिष्ट II

1. प्रतियोगिता परीक्षा की रूप रेखा :
   (क) निम्नलिखित पैरा 2 में उल्लिखित तीन विषयों में लिखित परीक्षा जिसके कुल 400 अंक होंगे ।
   (ख) आपातकालीन आयुक्त/अल्पकालीन सेवा आयुक्त अधिकारियों के सम्बन्ध में, सशस्त्र सेनाओं में सेवा-रिकार्ड का मूल्यांकन जिसके कुल 100 अंक होंगे ।
2. परीक्षा के विषय, परीक्षा के लिए दिया गया समय और प्रत्येक विषय के पूर्णांक इस प्रकार होंगे :—

विषय	पूर्णांक	दिया गया समय
1. निबन्ध	100	2 घण्टे
2. सामान्य अंग्रेजी	200	3 घण्टे
3. सामान्य ज्ञान, जिसमें भारत का भूगोल भी शामिल है ।	100	2 घण्टे

3. परीक्षा का पाठ्य विवरण साथ लगी अनुसूची में दिया गया है ।
4. उम्मीदवार प्रश्न पत्र 1 या प्रश्न पत्र 3 अथवा दोनों प्रश्न पत्रों का उत्तर हिन्दी या अंग्रेजी में दे सकते हैं । प्रश्न पत्र 2 का उत्तर सभी उम्मीदवारों को अंग्रेजी में ही देना होगा ।

नोट:—यह विकल्प पूरे प्रश्न पत्र के लिए होगा, उसी प्रश्नपत्र में विभिन्न प्रश्नों के लिए नहीं ।

नोट : 2—उक्त प्रश्नपत्रों के उत्तर हिन्दी में देने का विकल्प चाहने वाले उम्मीदवारों को अपने इस इरादे का उल्लेख आवेदन पत्र के खाना 9 में स्पष्ट रूप से करना चाहिए, नहीं तो यह समझा जाएगा कि वे सभी प्रश्न पत्रों के उत्तर अंग्रेजी में ही देंगे ।

